Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give approval for running the Kendriya Vidyalaya in Mashrakh, Maharajganj in two shifts and built a new building to accomodate the children.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): माननीय सभापति महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र बिहार का महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र है । वह सारन जिले की चार असेंबली कांस्ट्टिुएंसी और सीवान जिले की दो असेंबली कांस्ट्टिुएंसी मिलाकर बना है । वहां दो केन्द्रीय विद्यालय हैं, जिनमें से एक केन्द्रीय विद्यालय मशरख में है । वहां केन्द्रीय विद्यालय का भवन बन गया है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि उस विद्यालय को दो पाली में, दो शिफ्ट में चलाने की अनुमति दें । जो केन्द्रीय विद्यालय महाराजगंज में है, वह भवन विहीन है, बच्चों के बैठने की स्थिति नहीं है, उन्हें काफी परेशानी होती है, बरसात के दिनों में भी काफी दिक्कत होती है ।

अत: वहां भवन बनाने की अनुमति दी जाए । मैं माननीय मंत्री जी को हृदय से बधाई देता हूं कि आप नई शिक्षा नीति लाकर अलग-अलग तरीके से, पूरे देश में शिक्षा की ज्योति जलाने का कार्य कर रहे हैं, चाहे वह टैक्निकल शिक्षा हो या उच्च शिक्षा हो । मैं इसके लिए आपको बधाई देता हूं । मैं आग्रह करूंगा कि मंत्री जी यहां उपस्थित हैं, इसलिए वे इस पर अपने स्तर से कुछ आश्वस्त कर दें कि आगे आने वाले दिनों में इस कार्य को वे देखेंगे । धन्यवाद ।